डा0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय उ0प्र0

सेक्टर–11, जानकीपुरम विस्तार योजना, लखनऊ–226031

पत्रांकः– ए0के0टी0यू0 / कुस0का0 / 2020 / 4103 दिनांक 09 जनवरी, 2020

प्रिय छात्र,

प्राविधिक शिक्षा के नियामक संगठन अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद की वर्तमान नीति निर्देशों के अनुरूप विश्वविद्यालय के छात्रों को डिजिटल फार्मेट में पाठ्यवस्तु की उपलब्धता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विश्वविद्यालय द्वारा ई–कन्सोंटियम की व्यवस्था संस्थापित की गयी है। ई–कन्सोंटियम के अन्तर्गत विश्वविद्यालय द्वारा अभियंत्रण एवं प्रौद्योगिकी, भेषज विज्ञान, प्रबन्धन, वास्तुकला एवं स्थापत्य इत्यादि विभिन्न प्राविधिक विशेषज्ञताओं में उपलब्ध ख्यातिलब्ध राष्ट्रीय एवं अन्तराष्ट्रीय जनर्ल्स तथा इन विषयों से सम्बन्धित 50 हजार से अधिक ई–बुक्स को दिनांक 01.01.2020 से उपलब्ध कराया जा चुका है।

विश्वविद्यालय के छात्रों द्वारा उक्त पाठ्यवस्तु को अपने स्मार्टफोन / लैपटॉप / डेस्कटाप पर ब्राउज करने की सुविधा उपलब्ध कराने के हेतु लॉगिन क्रेडेंटिअल्स प्रेषित करने के लिए विश्वविद्यालय ई0आर0पी0 पर उपलब्ध आपके ई–मेल का उपयोग किया जाना प्रस्तावित है। चुंकि ई–कन्सोंटियम के अन्तर्गत उपलब्ध ई–जनर्ल्स एवं ई–बुक्स विभिन्न देशो के बौद्धिक सम्पदा संरक्षण कानून एवं नियमों से अच्छादित है एवं इनके उपयोगकर्ता से अपेक्षा होती है कि वे इनके दुरूपयोग को रोकने के लिए इस प्रयोजन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता सुनिश्चित करें। इस कारण से विश्वविद्यालय ई0आर0पी0 पर उपलब्ध आपके ई–मेल के सत्यापन हेतु ई0आर0पी0 पर सुविधा उपलब्ध करायी गयी है। इस सम्बन्ध में एस0एम0एस0 के माध्यम से भी आपको अवगत कराया जा रहा है। आपसे अनुरोध है कि विलम्बतम 13 जनवरी, 2020 दिन सोमवार तक अनिवार्य रूप से ई0आर0पी0 पर उपलब्ध अपने ई–मेल का सत्यापन पोर्टल के माध्यम से सुनिश्चित कर लें क्योंकि अन्यथा की दशा में आपके इस ई–मेल के सत्यापन के अभाव में भविष्य में विश्वविद्यालय ई0आर0पी0 पर छात्रों हेतु उपलब्ध सेवाओं से आप वंचित रह जायेगे।

आप द्वारा ई–मेल के सत्यापन के उपरान्त विश्वविद्यालय द्वारा पाठ्यवस्तु को ई–मेल के माध्यम से उपलब्ध कराने के लिए विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त एस्स प्रावाईडर द्वारा लॉगिन क्रेडेंटिअल्स उपलब्ध कराया जाएगा। इस लॉगिन क्रेडेंटिअल्स के उपयोग से आप अपने स्मार्टफोन / लैपटॉप / डेस्कटाप पर उक्त पाठ्यवस्तु तक पहुच सकेंगें।

अतः उपरोक्त के क्रम में आप से अपेक्षा है कि आप समयबद्ध रूप से इस प्रयोजनार्थ अपना सहयोग सुनिश्चित करें एवं छात्रहित में प्रारम्भ की गयी इस उपयोगी व्यवस्था का सम्पूर्ण लाभ प्राप्त करें।

भवदीय,

(नन्द लाल सिंह)
कुलसचिव